कॉमर्स कॉलेज भवन का लोकार्पण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सीकर. तोदी नगर सांवली रोड़ स्थित राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय के नए भवन का वर्चुअली लोकार्पण बुधवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र कुमार दुलड़ ने बताया कि कार्यक्रम में स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल, उच्च शिक्षा मंत्री भंवर सिंह भाटी, विधायक राजेंद्र पारीक उपस्थित रहे। इस दौरान जिला कलक्टर अविचल चतुर्वेदी, महाविद्यालय के वरिष्ठतम संकाय सदस्य सुरेश चन्द शुक्ला सहित कार्यक्रम में मौजूद रहे।